## 20467 - हज्ज करने के लिए मासिक धर्म चक्र को विलंब करना

### प्रश्न

मैं एक मुसलमान महिला हूँ। इन शा अल्लाह, मैं इस वर्ष हज्ज करने के लिए जाऊँगी। मुझे लगता है कि मेरा मासिक चक्र मेरे मक्का में पहुँचने पर शुरू होगा। मुझे लोगों ने सलाह दिया है कि मैं चिकित्सक के द्वारा निर्धारित गोलियाँ उपयोग करूँ जो मासिक धर्म की अवधि को विलंब कर दे यहाँ तक कि मैं हज्ज से फारिग हो जाऊँ।
मासिक धर्म को विलंब करनेवाली इन गोलियों को इस्तेमाल करने के बारे में शरीअत का क्या हुक्म है ?

### विस्तृत उत्तर

हर प्रकार की प्रशंसा और गुणगान केवल अल्लाह तआला के लिए योग्य है।.

हर प्रकार की प्रशंसा और गुणगान केवल अल्लाह के लिए योग्य है।

इन गोलियों का सेवन करना जायज़ है यदि उसमें महिला के ऊपर कोई नुक़सान नहीं है। और इसे एक विशेषज्ञ चिकित्सक से परामर्श के द्वारा जाना जा सकता है।

तथा इफ्ता की स्थायी समिति से इसके बारे में पूछा गया तो उसने उत्तर दिया कि :

माहवारी आने के डर से हज्ज के समय महिला के लिए मासिक धर्म को रोकने की गोलियाँ इस्तेमाल करना जायज़ है, और ऐसा महिला की सुरक्षा पर एक विशेषज्ञ चिकित्सक से परामर्श लेने के बाद ही किया जाएगा। इसी प्रकार वह रमज़ान के महीने में भी (मासिक धर्म निरोधक गोलियों का सेवन) कर सकती है यदि वह लोगों के साथ रोज़ा रखना चाहे।

अल-फतावा अल-जामिअह लिल-मरअतिल मुस्लिमह (2/495).